दिनांक: 26.07.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी।
- प्रदेश में भी करगिल वीरों को नमन किया गया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कहा– राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद पर विचार करेगी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश–दौसा के मित्रपुरा में बारिश का पानी भरने के बाद राहत कार्य शुरू।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें यह बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है। करगिल युद्ध के दिनों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे देश के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से लद्दाख की शिनखुन ला टनल परियोजना के कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिनखुन ला टनल के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश पूरे साल और हर मौसम में देश से जुड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सुरंग लद्दाख के विकास और बेहतर भविष्य के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति शहीद स्मारक पर आयोजित करगिल विजय दिवस रजत जयन्ती समारोह मे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों मे सीमा पर मुस्तैदी के साथ मोर्चा सम्भालने वाले हमारे शूरवीरों की बहादुरी और अदम्य साहस अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहीदों की वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर करगिल युद्व में साहस का परिचय देने वाले वीर सैनिकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, प्रशासनिक और सैनय अधिकारी, सैनिक, उनके परिजन और वीरांगनाएं तथा आमजन मौजूद थे। जयपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय की ओर से इसी सिलसिले में जवाहर कला केन्द्र में ये चित्र प्रदर्शनी और सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जा रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दौसा के शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान प्रदेश गौरव सेनानी संगठन की ओर से उपमुख्यमंत्री को पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा गया।

बालोतरा जिले के करगिल शहीद भीखाराम मूढ़ के ग़ांव में स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अजमेर के विजय स्मारक पर तीनों सेना थल सेना, वायु सेना और नौसेना के जवानों ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। केकड़ी की ग्राम पंचायत सातोलाव में शहीदों की याद में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जोरावरपुरा और खानडरा के युवाओं ने भी सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया। कोटपूतली में भी करगिल विजय दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। बाड़मेर में शहीद स्मारक पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। टोंक जिले में आज स्कूलों और कॉलेजों में करगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर कई कार्यकमों के आयोजन के साथ मनाई गई। इस मौके पर शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। देवली में वीर सैनिकों को 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी गई। पाली में साइंस पार्क से शहीद स्मारक तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मशाल रैली निकाली जा रही है।

जैसलमेर के स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में करगिल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। नागौर में जिला सैनिकल कल्याण कार्यालय परिसर में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में करगिल दिवस रजत जयंती समारोह मनाया गया। जिला कलेक्टर ने इस दौरान सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान किया।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश में कौशल विकास से जुड़ी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकाधिक प्रसार का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को चाहिए कि वे अपने यहां कौशल विकास से जुड़े ऐसे पाठ्यक्रम लागू करें जो विद्यार्थियों में मौलिक सोच विकसित करने के साथ भावी जीवन के लिए उन्हें समर्थ बना सके। राज्यपाल आज जयपुर में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कौशल शिक्षा को देश के आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए विद्यार्थियों को स्थानीय हुनर में दक्ष करने के अधिकाधिक प्रयास हों। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा देश में रोजगार क्षमता में तेजी से सुधार लाती है। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोतर के 590 अभ्यर्थियों को डिग्री प्रदान की।

000

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की ओर से कल जयपुर में जन शिक्षण संस्थान की क्षमता विस्तार पर एक जोनल कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम के जरिये लाभार्थियों को उद्यमिता और स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद पर विचार करेगी। उन्होंने आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बाजरे की खरीद पर पूछे गए प्रश्न पर स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों के साथ धोखा हुआ और एमएसपी पर बाजरे की फसल की खरीद नहीं की गई। इससे पहले सदन में समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। प्रश्नकाल में बयाना से निदर्लीय विधायक ऋतु बानावत ने प्रदेश में बाजरे के उत्पादन और उसकी समर्थन मूल्य पर खरीद का प्रश्न पूछा। इसके जवाब में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि पिछले दो सालों में बाजरे का लक्ष्य निर्धारित नहीं होने से समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं हुई, ना ही 2024 के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा कर दिया।

000

प्रदेश में आज कई जगह मध्यम से भारी बारिश हुई है। **दौसा** में भी भारी बरसात हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई कॉलोनियां और गांव पूरी तरह जलमग्न हैं। दौसा का मित्रपुरा गांव बारिश के कारण टापू में तब्दील हो गया है। यहां खेतों में पडी फसल भी पूरी तरह पानी में डूब गई है। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन के विभिन्न दल क्षेत्र में लोगों को राहत देने में जुटे हैं।

....................

टोंक में कहीं कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई है। जयपुर में कल रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह तक जारी रहा। चित्तौडगढ में बरसात के बाद नदी–नालों में पानी की आवक बढ़ गई है। इस बीच मैनाल और कलशिया महादेव, झरिया महादेव सहित कई जगहों पर झरने बह रहे हैं। मौसम विभाग ने आज बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर और सवाईमाधोपुर में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने इन स्थानों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौडगढ, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ, उदयपुर, नागौर और पाली में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं।

000

राजस्थान ने निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान ने जून 2024 में 76 दशमलव 78 अंकों के साथ पहली पायदान हासिल की है। उन्होंने बताया कि रैंकिंग का निर्धारण योजना के तहत चिकित्सा संस्थानों की संख्या, दवाओं के स्टॉक, ऑनलाइन आपूर्ति, क्वालिटी चैकिंग, दवाओं के अवधिपार होने की स्थिति, आपूर्ति में लगने वाले समय सहित 10 मानकों के आधार पर किया जाता है।

000